पंजाब केसरी 06/02/2025

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में लगी प्रदर्शनी में पुस्तकों का अवलोकन करते विद्यार्थी। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में लगी पुस्तक प्रदर्शनी

अम्बाला, 5 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ और रामकृष्ण मिशन की 125 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जसवंत राय मैमोरियल लाइब्रेरी द्वारा श्री रामकृष्ण विवेकानंद वेदांत साहित्य पर पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।

इसमें स्वामी विवेकानंद पर आधारित पुस्तकों और सामान्य ज्ञान की पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डा. सीमा कंसल ने कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी मार्गदर्शक और ज्ञानवर्धक होती हैं।

पुस्तकालयाध्यक्ष डा. दीपक अहलावत ने बताया कि सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।